卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 162 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦21 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## तृतीय नवरात्र



नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। माता के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम का पाठ मंगल फलदायी है।

# धाकड़ धामी नहीं अब 'धुरंधर धामी' : राजनाथ

### हल्द्वानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ऐतिहासिक जनसभा, सीएम धामी के कार्यकाल की जमकर सराहना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष का गौरवशाली कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित विशाल जनसभा एक ऐतिहासिक समागम में बदल गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारी भीड़ को संबोधित करते हुए उत्तराखंड की पावन धरा को शीश झुकाकर नमन किया और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की 'विजय हैट्रिक' बनाने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत





देवभूमि की महिमा का बखान करते हुए की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भूमि वेदों और देवों की भूमि है, जिसे साक्षात देवताओं का निवास स्थान कहा जाता है। उन्होंने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा मुझे लंबे समय तक उत्तराखंड में काम करने का अवसर मिला है। जब मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री था, तभी मेरे कार्यकाल में उत्तर प्रदेश का विभाजन होकर उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ था। उन्होंने उत्तराखंड के लोगों के सौम्य स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ के लोग स्वभाव से बहुत विनम्र होते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर उनके व्यक्तित्व में पर्वत जैसी अटलता और दृढ़ता देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहाँ का कण-कण देश की आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की की नई राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा मैंने पूर्व में इन्हें धाकड़ धामी कहा था, लेकिन इनके धुआंधार और करिश्माई काम को देखते हुए अब इन्हें 'धुरंधर धामी' कहा जाना चाहिए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे एक छोटे से राज्य ने इतने कम समय में विकास के कई मानकों में देश में अव्वल स्थान प्राप्त कर लिया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# पंतनगर पहुंचने पर राजनाथ सिंह का हुआ भव्य स्वागत

पंतनगर(उद संवाददाता)। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री को उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान वाली पारंपरिक टोपी भी पहनाई। एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री के आगमन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनकी अगवानी की। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति और मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने पुष्प भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर कुछ समय के अल्प विश्राम और अनौपचारिक चर्चा के उपरांत रक्षा मंत्री हेलीकॉप्टर के माध्यम से अपने अगले गंतव्य हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्रों में कड़े इंतजाम किए गए थे।







# कार खाई में गिरने से दो की मौत, दो गंभीर

### उत्तर प्रदेश के उन्नाव से जागेश्वर जा रहे थे चार दोस्त, गेठिया क्षेत्र में हुआ भीषण हादसा

नैनीताल (उद संवाददाता)। सरोवर नगरी नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उन्नाव निवासी दो पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और एसडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं (शेष पृष्ठ सात पर)



## खाई में गिरी कार, पूर्व सैनिक की मौत

चमोली (उद संवाददाता)। जनपद के नंदकेशरी-चिड़िगा मार्ग पर शुक्रवार की रात्रि एक भीषण कार दुर्घटना में कोठी गांव निवासी एक पूर्व सैनिक की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिड़िगा और तलसारी के ग्रामीण व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को गहरी खाई से बाहर निकाला जा सका। मिली जानकारी के अनुसार, कोठी गांव निवासी पूर्व सैनिक दर्शन सिंह (43 वर्ष) शुक्रवार की रात अपनी कार से चिड़िगा गांव से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नंदकेशरी से लगभग एक किलोमीटर दूर उनकी कार अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की खबर मिलते ही रात्रि लगभग नौ बजे चिड़िगा, चेपडों और कोठी गांव के (शेष पृष्ठ सात पर)

## इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए पिस्टल लहराना पड़ा भारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर असलहों के साथ रील बनाकर धौंस जमाने वालों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक युवती को इंस्टाग्राम पर लाइसेन्सी पिस्टल लहराते हुए वीडियो अपलोड करने के आरोप में पकड़ा है। साथ ही पिस्टल के मालिक उसके रिश्तेदार के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।मामला शुक्रवार शाम का है, जब चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल अपनी टीम के साथ बगवाड़ा क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि श्कृषि मंडलश नाम की इंस्टाग्राम आईडी पर पीले रंग का सूट पहनकर हाथ में पिस्टल लहराने वाली लड़की अपने एक परिचित के साथ रामनगर फ्लाई ओवर के पास रिंग रोड पर वीडियो बना रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से रिया मंडल पुत्री स्व. जुगल मंडल (निवासी ट्रांजिट कैंप) और उसके साथ मौजूद सोना कुमार पुत्र महादेव बैरागी (निवासी दिनेशपुर) को हिरासत में लिया।पूछताछ में रिया मंडल ने स्वीकार किया कि उसने रुद्रपुर में एक शादी के दौरान अपने रिश्तेदार सोना कुमार की लाइसेन्सी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बागेश्वर में भूकंप के झटके, तड़के महसूस हुई धरती में कंपन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जनपद में शनिवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे गहरी नींद में सोए कुछ लोग घबराहट के कारण घरों से बाहर निकल आए। हालांकि झटकों की तीव्रता कम होने के कारण जिले में कहीं से भी किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंपीय आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह 04:56:16 बजे रिक्टर स्केल पर 2.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इस भूकंप का केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 29.885 उत्तर अक्षांश और 80.016 पूर्व देशांतर पर स्थित रहा, जबकि इसकी गहराई जमीन के अंदर पांच किलोमीटर बताई गई है। सुबह के समय आए इस हल्के कंपन से कुछ संवेदनशील इलाकों में क्षणिक दहशत का माहौल बना, लेकिन तीव्रता बेहद कम होने की वजह से अधिकांश लोग इसे महसूस नहीं कर सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले की सभी तहसीलों से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। वर्तमान में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या क्षति की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने आम जनता से धैर्य बनाए रखने और सतर्क रहने की अपील की है।

# रूद्रपुर में काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज

### नगर निगम की कार्रवाई का जताया विरोध, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर में ईद-उल-फितर का पर्व इस बार एक अलग रंग में नजर आया। जहाँ एक ओर अकीदतमंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर देश की खुशहाली की दुआ मांगी, वहीं दूसरी ओर खेड़ा स्थित मुख्य ईदगाह पर हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर और काले झंडे लगाकर नगर निगम प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इसे काला दिवस के रूप में मनाते हुए समाज ने प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। विरोध का




मुख्य कारण ईदगाह से सटी आठ एकड़ सरकारी भूमि का नगर निगम द्वारा अधिग्रहण करना है। दरअसल, रूद्रपुर की खेड़ा ईदगाह में प्रतिवर्ष 20 से 25 हजार लोग नमाज के लिए जुटते थे, जो ईदगाह की ढाई एकड़ जमीन के साथ-साथ पास की आठ एकड़ सरकारी भूमि का भी इस्तेमाल करते थे। हाल ही में उच्च न्यायालय के आदेश पर नगर निगम ने इस आठ एकड़ भूमि को अधिग्रहित कर उसकी घेराबंदी कर दी। मुस्लिम समुदाय ने इस बार भी नमाज के लिए इस भूमि के उपयोग की अनुमति मांगी थी, जिसे प्रशासन ने अस्वीकार कर दिया। जगह की कमी के कारण इस वर्ष समुदाय के लोगों को शहर की अलग- अलग मस्जिदों में नमाज अदा करनी पड़ी, जिससे समाज में भारी रोष देखा गया। सुरक्षा की (शेष पृष्ठ सात पर)

# कोटद्वार के 'मोहम्मद दीपक' को नैनीताल हाई कोर्ट की फटकार

## एफआईआर रद्द करने संबंधी मांग पर राहत देने से उच्च न्यायालय का फिलहाल इनकार, मोहम्मद दीपक के विरुद्ध गैग ऑर्डर भी जारी, पोस्ट डालने पर रोक

-अर्श-

नैनीताल। उत्तराखंड के कोटद्वार में एक दुकान का नाम बदलने को लेकर उपजे विवाद से सुर्खियों में आए दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जमकर लताड़ लगाई है । दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक द्वारा प्रस्तुत याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को स्पष्ट हिदायत दी कि वो अनावश्यक रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मपर शामिल न हों और जांच में पुलिस के साथ पूरा सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि कोटद्वार स्थित एक जिम मालिक दीपक कुमार द्वारा नैनीताल उच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपनी याचिका में 26 और 31 जनवरी 2026 को हुई घटना के संबंध में दर्ज एफआईआर को रद्द करने, पुलिस सुरक्षा, पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच और अन्य राहतों की मांग की गई थी, मगर हाई कोर्ट ने अतिरिक्त मांगों को दबाव बनाने और जांच को प्रभावित करने की कोशिश बताते हुए दीपक कुमार को राहत देने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता पर सोशल मीडिया पर कोई भी बयान या वीडियो पोस्ट करने पर सख्त रोक भी लगा दी। नैनीताल उच्च न्यायालय ने दीपक कुमार के विरुद्ध गैग ऑर्डर जारी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को सोशल मीडिया पर प्रवचन देने के बजाय पुलिस जांच में सहयोग करना चाहिए। न्यायमूर्ति थपलियाल ने साफ कहा कि इस तरह की बयानबाजी से जांच बाधित होती है और कानून-व्यवस्था के लिए संकट पैदा होता है। पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होती है और आप सोशल मीडिया पर प्रवचन दे रहे हैं। मैं आपको सोशल मीडिया पर कोई भी बयान देने से रोक रहा हूं। यह मेरा सख्त निर्देश है।यह निर्देश सभी के लिए है।अगर कोई सोशल



मीडिया पर मैसेज या वीडियो भेजता है, तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। कोर्ट इसकी इजाजत नहीं दे सकता। याचिका के तथ्यों पर विचार करते हुए हाई कोर्ट ने आगे कहा कि याचिकाकर्ता को पहले ही सुरक्षा दी जा चुकी थी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि याचिकाकर्ता इस आजादी का गलत फायदा उठाए। सुरक्षा दिए जाने की यह बात याचिका में नहीं बताई गई थी। इसे छिपाया गया था। कोर्ट ने सरकारी वकील की इस दलील को भी रिकॉर्ड पर लिया कि दीपक कुमार की शिकायतों के आधार पर दो एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी थीं, लेकिन इस तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया। सुरक्षा करने का काम पुलिस का है, और अगर किसी खास व्यक्ति के खिलाफ जांच चल रही है, तो यह विभाग की जिम्मेदारी है कि वह उसकी जान और आजादी की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए। कोर्ट के अनुसार जांच एजेंसी पर शक करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। याचिकाकर्ता को यह उम्मीद और भरोसा रखना होगा कि उनकी जान सुरक्षित रहेगी, फिर भी, वे किसी सक्षम अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। घटना की जड़ पर टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि 26 जनवरी और 31 जनवरी को जो घटना हुई, वह वाकई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, और उसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इस कोर्ट को यह उम्मीद और भरोसा है कि पुलिस निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करेगी, और साथ ही कानून-व्यवस्था भी बनाए रखेगी। याचिकाकर्ताओं और अन्य लोगों को जांच एजेंसी के साथ सहयोग करना चाहिए, न कि कोई रुकावट पैदा करनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि एफआईआर रद्द करने की मुख्य मांग पर आगे सुनवाई जारी रहेगी, लेकिन अतिरिक्त राहतें (सुरक्षा, विभागीय जांच आदि) पूरी तरह खारिज की जाती है तथा दीपक कुमार और अन्य को सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े कोई भी मैसेज, वीडियो या बयान पोस्ट करने से सख्ती से रोका जाता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कहा कि आरोपी होने के बावजूद सुरक्षा की मांग श्दबाव की रणनीतिश है और जांच को प्रभावित करने का प्रयास है।

# व्यापारियों ने मेयर से दुकानों को बचाने की लगाई गुहार

रुद्रपुर । काशीपुर बाईपास (हेडगेवार मार्ग) के चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर विकास शर्मा से मुलाकात की और अपनी दुकानों को बचाने की गुहार लगाई। व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए महापौर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग के डिजाइन में परिवर्तन कर दुकानें बचाना संभव हुआ तो वह भी किया जाएगा और यदि दुकानें टूटती हैं, तो व्यापारियों को वैकल्पिक स्थान पर नई दुकानें बनाकर दी जाएंगी। व्यापारियों ने महापौर को अवगत कराया कि बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण के लिए चिन्हीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। इस मार्ग पर नगर निगम द्वारा आवंटित कई दुकानें ऐसी हैं, जिनमें व्यापारी पिछले 30 वर्षों से अपना कारोबार कर रहे हैं। वर्तमान योजना के तहत लगभग 24 दुकानों को तोड़ने की तैयारी है, जिससे इन दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने कोई अतिक्रमण नहीं किया है, बल्कि दशकों पहले नगर पालिका ने उन्हें ये दुकानें विधिवत नियमानुसार आवंटित की थीं। व्यापारियों ने महापौर से दुकानों को बचाने की गुहार लगाई। व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है, लेकिन व्यापारियों के कारोबार की बलि देकर विकास नहीं होगा। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के हितों को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह कर चौड़ीकरण की सीमा को



75 फीट से घटाकर 60 फीट करवाया था, तब व्यापारियों ने भी इस पर सहमति जताई थी। महापौर ने स्पष्ट किया कि डिवाइडर को थोड़ा खिसकाकर दुकानों को बचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। यदि इसके बावजूद दुकानें प्रभावित होती हैं, तो इडेन गैस एजेंसी के पास प्रस्तावित नए कॉम्प्लेक्स में इन व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर दुकानें आवंटित की जाएंगी। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व में भी उजाड़े गए व्यापारियों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट कर राहत दी गई थी और अब जल्द ही एक नया वेंडिंग जोन भी तैयार होने जा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था होने तक किसी भी दुकान को नहीं तोड़ा जाएगा। महापौर के इस सकारात्मक आश्वासन के बाद व्यापारियों ने उनका आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर नवीन चौहान, सुभाष कालरा, पंकज वालरा, निपेंद्र वर्मा, डिंपल आहूजा, बृजेंद्र कुमार, संजीव मलिक, सविता मेहंदीरत्ता, संजय पाल, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप पसरीचा, मनोज कुमार सलूजा, सोनू कालरा, प्रदीप सिंघल, सुरेंद्र सैनी, अंकुश सलूजा, सुदीप सिंघल आदि लोग मौजूद रहे।

**कुटुंब न्यायालय**
**पीठासीन अधिकारी भूपेंद्र राय**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय,रायबरेली**

व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का सम्मन अंतर्गत आदेश 5 नियम 3

वैवाहिक वाद 577/2023

अग्रिम पेशी तिथि 23.3.2026

सेवा में,

रोशन लाल, निवासी भीमगंज, परगना तहसील डलमऊ ,जिला रायबरेली वारिद हाल ,मकान नंबर 402 शांति निकेतन कॉलोनी रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर ,उत्तराखंड

आपके विरुद्ध माया ने एक विवाह विच्छेद /न्यायिक पृथक्करण का वाद योजित किया है जिसमें आपको व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर,इस न्यायालय में दिनांक 23 3. 2026 को दिन में 11:00 बजे, वाद मे याचित अनुतोष का प्रत्योत्तर दाखिल करने के लिए निर्देशित किया जाता है और आपको इस बात के लिए भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने बचाव के समर्थन में जो दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहते हैं वह भी प्रस्तुत करें। इस बात पर ध्यान दें कि इस दिन आपके उपस्थिति न होने पर वाद मे सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मेरे द्वारा हस्ताक्षरित व न्यायालय के मोहर द्वारा मुद्रित।

प्रधान न्यायाधीश
कुटुंब न्यायालय रायबरेली

# महापौर ने राधा गोविंद मंदिर में किया फर्श निर्माण का शिलान्यास

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप वार्ड संख्या 04 स्थित राधा गोविंद मंदिर परिसर में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर विकास शर्मा ने 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले फर्श निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर और फीता काटकर शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों और बंगाली समाज के लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जनभावनाओं का सम्मान करते हुए महापौर ने मंदिर परिसर में जल्द ही एक भव्य धर्मशाला निर्माण की घोषणा भी की। शिलान्यास के अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि राधा गोविंद मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां फर्श निर्माण की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। बंगाली समाज के



अनुरोध को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा 20 लाख की लागत से कोटा स्टोन के फर्श का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम केवल सड़कों और नालियों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनभावनाओं के अनुरूप धार्मिक और सामाजिक स्थलों के उत्थान के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में रुद्रपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। बीते एक वर्ष के भीतर शहर में 102 करोड़ रुपये के विकास कार्य धरातल पर उतारे जा चुके हैं और आने वाले समय में कई बड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं। हमारा लक्ष्य रुद्रपुर को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करना है जहां हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इस अवसर पर बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने बताया कि विकास शर्मा के महापौर बनने के बाद उनके समक्ष यह मांग रखी गई थी, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर आज सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह कार्य अगले 15 से 20 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे बैसाख के उपलक्ष्य में होने वाला चार दिवसीय महानाम संकीर्तन भव्य रूप से आयोजित हो सकेगा। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पार्षद शुभम दास, पार्षद सुशील मंडल, चंद्रशेखर गांगुली, परिमल मंडल, खोकन बछाड़, पिंटू राय, सुमित राय, शुभम मंडल, संजीत सरकार, बासुदेव राय, परिमल सरकार, विमल सरकार, दिनेश तोमर, सुबीर दास, विश्वजीत सरकार, कृष्णपद विश्वास, रवींद्र बाला, अमित वैध और अशोक विश्वास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी मौजूद रहे।




# पत्रकार प्रेस महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

## अशोक गुलाटी ने जिला और तहसील स्तर पर भी सौंपी जिम्मेवारियां

हल्द्वानी/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस महासंघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने संगठन का विस्तार करते हुए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। अनुभवी और निष्ठावान साथियों के साथ विचार विमर्श के बाद तैयार की गई इस टीम में वरिष्ठ पत्रकारों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। गुलाटी ने बताया कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार अविकल थपलियाल और अनिल शर्मा को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही एडवोकेट उमेश जोशी को कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया है ताकि पत्रकारों के विधिक हितों की रक्षा की जा सके। कार्यकारिणी के विस्तार के तहत वरिष्ठ पत्रकार परम पाल सुखीजा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तराखंड, जगदीश चंद्र को



प्रदेश महामंत्री, मोहम्मद यासीन और दीपक कुकरेजा को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों और तहसीलों में भी अध्यक्षों का मनोनयन किया है। देहरादून जिले की कमान रंजीत वेद को सौंपी गई है, जबकि नरेंद्र राठौड़ को उधम सिंह नगर जिला अध्यक्ष और उर्वा दत्त भट्ट को नैनीताल जिला अध्यक्ष बनाया गया है।



महानगर रुद्रपुर की जिम्मेदारी अमन सिंह को दी गई है। तहसील स्तर पर किए गए बदलावों में प्रदीप श्रीवास्तव को जसपुर, प्रेम प्रकाश साहनी को काशीपुर, गुरदीप सिंह को सितारगंज, विकास शील को खटीमा, शुभम गौड़ को टनकपुर, अनिल सागर को नानकमत्ता और संदीप पाठक को रानीखेत तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अशोक गुलाटी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे संगठन हित में पूरी निष्ठा से जुट जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर पत्रकारों की जटिल समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के विस्तार में अन्य अनुभवी और ईमानदार सहयोगियों को भी स्थान दिया जाएगा।

# पंतनगर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का जेएसडब्ल्यू ग्रुप में चयन

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से आयोजित साक्षात्कार में मैसर्स जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने पांच विद्यार्थियों का चयन किया है। चयनित छात्रों में बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भाग्येश कांडपाल और बीटेक आईपीई के आर्यन बर्तवाल, सुब्रत अग्रवाल, शांभवी एवं हर्षित कौर शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण होने के बाद छह लाख रुपये प्रतिवर्ष के वेतन के साथ अन्य सुविधाएं और भत्ते प्रदान किए जाएंगे।विश्वविद्यालय



के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशालय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी चयनित विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डॉ. एम. एस. नेगी ने सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि निदेशालय भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से विद्यार्थियों के बेहतर सेवायोजन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# लाटरी पद्धति से हुआ 43 मदिरा दुकानों का आवंटन

## जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित प्रक्रिया में 257 आवेदकों ने आजमाया भाग्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में मदिरा दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला सभागार में प्रभारी अधिकारी और उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय की अध्यक्षता में लाटरी पद्धति के माध्यम से कुल 43 मदिरा दुकानों का आवंटन किया गया, जिनमें 24 देशी और 19 विदेशी मदिरा की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों के लिए प्रशासन को कुल 257 आवेदन प्राप्त हुए थे। जनपद की कुल 152 मदिरा दुकानों में से 132 का पहले ही नवीनीकरण किया जा चुका है। शुक्रवार को हुई इस प्रक्रिया में 20 पुरानी और 23 नई दुकानों का आवंटन किया गया।विदेशी मदिरा की सात दुकानों के लिए मात्र एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ, जिसके चलते खटीमा टनकपुर रोड की दुकान कमला जोशी, सिसैया सितारगंज की गोविंद सिंह मेहता, छोई रोड की पुष्पा कुशवाहा, धीमरखेड़ा की सिंगारा सिंह, पिपलिया धौराडाम रोड की अमरू निशा, नादेही की अंशिका कण्डवाल और सुनपहर की दुकान वंशीधर मिश्रा को आवंटित की गई। वहीं किच्छा रोड सितारगंज के लिए प्राप्त तीन आवेदनों में से लाटरी द्वारा नवजोत सिंह का चयन हुआ। चौती चौराहा विदेशी दुकान के लिए सर्वाधिक 26 आवेदन आए,



जिसमें अर्जुन सिंह खोलिया सफल रहे। रम्पुरा की दुकान मानसी बत्रा, बाजपुर दोराहा लालबहादुर कुशवाहा, इन्द्रा कालोनी हरीश चन्द्र जोशी, ढकिया गुलाबो प्रतीक अग्रवाल, रामराज रोड मण्डी गेट प्रकाश चन्द्र पाण्डे, धनौरी केला मोड़ राजवीर सिंह, सकैनिया रोड परमेश अरोरा, सुल्तानपुर पट्टी मनोज, निकट खुर्पिया फार्म नरेन्द्र चन्द्र गुरूरानी और परमानंदपुर की दुकान जितेन्द्र सिंह को आवंटित हुई।देशी मदिरा श्रेणी में 11 दुकानों पर एकल आवेदन के आधार पर आवंटन हुआ। इसमें सितारगंज चीनीमिल रोड कैलाश चन्द्र, पुरनापुर टेड़ाघाट रूपेश कुमार, भगवंतपुर मानसी बत्रा, धीमरखेड़ा जसवंत सिंह, हल्दुआ साहू रूबी वर्मा, पटिया कौधाअसरफ भुपेश जायसवाल, पिपलिया धौराडाम रोड अमृत कुमार, प्रतापपुर रोड योगश चन्द्र जोशी, दुकड़ी बिचवा भुपेश जायसवाल, सुनपहर सतीश पाठक और बगियाघाट की दुकान भूपेन्द्र सिंह कठायत को मिली। लाटरी पद्धति से हुए अन्य आवंटनों में मानपुर रोड सावित्री देवी, अनाजमंडी काशीपुर रूपेश कुमार, मलसागिरधरपुर लोकेश कुमार सक्सेना, जाफरपुर मानसी बत्रा, चक्की मोड जितेन्द्र सिंह नेगी, छिनकी किच्छा रामअयोध्या, बिन्दुखेड़ा रोड दानपुर संजय सिंह, बानूसी जसविन्दर सिंह, खुर्पिया फार्म अश्वनी कुमार, निकट परमानंदपुर लाल सिंह, सकैनिया रोड सौरभ कुशवाहा, पिपलिया बाजपुर संदीप कुमार और निकट कोसी काटा की दुकान राजकुमार महरोत्रा के नाम रही। इस दौरान प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र बिष्ट सहित अनेक आवेदनकर्ता और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।







# पांच मंदिर में आयोजित माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में दूसरे दिन माता की चौकी का शुभारम्भ यजमान राजू गाबा, मंजू गाबा, निखिल गावा, सीमा गाबा, महिमा गाबा, पूजा गाबा ने पूजा अर्चना के साथ किया। दूसरे दिन भजन गायक मास्टर बाबी और अमित अरोरा ने माता के भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को माता की भक्ति में मग्न कर दिया। सारा मंदिर परिसर माता के जयघोषों व तालियों से गुंजायमान होता रहा। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना, गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद मास्टर बॉबी ने दिल वाली पालकी विच मां मैं, तैनु बिठाना है चल मेरे नाल तेनू घर लेक जाना है, आओ मात जी त्वाडा मंदिर सजाया है, मेला मईया दा औंदा है हर साल, लौकी नचदे ने खुशियां नाल, आज मैं नचना श्याम दे नाल आज मैंनू नच लेन दे आदि भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न



होकर नाचते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, महेश बब्बर, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, रोहित गोयल, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, पवन गाबा, बंटी चोपड़ा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, प्रवेश साहनी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा, हरनाम सिंह, संजय ठुकरल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुधीर अरोरा, चिराग कालरा, गिरधारी लाल , अनिल गाबा, राजू चुघ्ञ, कशिशि आहूजा, संदीप अरोरा, रमा अरोरा, कमल फुटेला, आशा वाधवा, ओमप्रकाश अरोरा, राजेश अरोरा, अलका अरोरा आदि मौजूद रहे।







# पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रा को थप्पड़ मारने पर बवाल

रुद्रपुर। शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित एक पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रा के साथ कथित अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना के बाद शुक्रवार को माहौल गरमा गया। घटना से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने पहले कॉलेज परिसर में विरोध जताया और फिर जुलूस निकालते हुए देर शाम कोतवाली पहुंचकर घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की मौजूदगी से कोतवाली परिसर में हंगामे की स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि कॉलेज की एक छात्रा का किसी बात को लेकर प्रधानाचार्य से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान प्रधानाचार्य ने छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे थप्पड़ मार दिया। इस घटना के बाद अन्य छात्र-छात्राएं भड़क उठे और उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्र-छात्राओं का कहना था कि आरोपी प्रधानाचार्य को तत्काल निलंबित किया जाए और उन्हें कोतवाली बुलाकर सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाए। देर शाम तक छात्र-छात्राएं कोतवाली परिसर में डटे रहे और नारेबाजी करते रहे। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। इस दौरान एसएसआई अनिल जोशी समेत अन्य पुलिस अधिकारी छात्रों को समझाने में जुटे रहे, लेकिन छात्र-छात्राएं कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। हंगामे के बीच पुलिस ने छात्रा के बयान दर्ज कर लिए हैं। साथ ही कॉलेज प्रशासन को भी कोतवाली बुलाकर मामले की जानकारी ली गई। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के बाद कई छात्राएं कोतवाली में ही धरने पर बैठ गईं। उनका कहना था कि जब तक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगी। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अडिग रहीं। कोतवाली में चले प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने "वी वांट जस्टिस" के नारे लगाए। उनका कहना था कि छात्रा के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।



# केंद्र ने बढ़ाई पीएमजीएसवाई के कार्यों की समय सीमा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में इस योजना के तहत लंबित कार्यों और देनदारियों के निस्तारण हेतु समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था जिसे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। केंद्र सरकार के इस सकारात्मक निर्णय के बाद अब राज्य में पीएमजीएसवाई प्रथम के तहत शेष देनदारियों के भुगतान और पीएमजीएसवाई द्वितीय व तृतीय के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा को 31 मार्च 2027 तक विस्तार दे दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि समय सीमा बढ़ने से राज्य के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयासों में तेजी आएगी और विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। इस फैसले से उन परियोजनाओं को पूर्ण करने में मदद मिलेगी जो किन्हीं कारणों से निर्धारित समय पर पूरी नहीं हो पाई थीं।

'जय माता दी' 'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं
माता की चौकी
स्थानः- श्री सुदर्शन नारंग जी ( कल्याण डेयरी फुलसुंगी, रूद्रपुर )
दिनांकः 21 मार्च 2026 दिनः शनिवार, रात्रि 8 बजे से
निवेदकः-विकास शर्मा एवं सभी भक्त जन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार


देवभूमि उत्तराखण्ड
उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखंड गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
4 जन-जन की सरकार
साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
समान नागरिक संहिता
देवभूमि उत्तराखण्ड
आगमन पर
श्री राजनाथ सिंह
मा. रक्षामंत्री, भारत सरकार
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
मुख्य कार्यक्रम
शनिवार, दिनांक: 21 मार्च 2026 । समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान: एम बी इंटर कॉलेज मैदान, हल्द्वानी (नैनीताल)
इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।
ऐतिहासिक निर्णय, उत्कृष्ट प्रदर्शन
• समान नागरिक संहिता - 2025
• सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023
• सख्त भू-कानून 2025
• जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
• नये आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन
• दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
• उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
• अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण
• एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
• भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान
• ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
• स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
• Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
• "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
• Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
• गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त
नीतिगत सुधार
• नई फिल्म नीति (50% तक सब्सिडी)
• मिलेट्स नीति (₹134 करोड़ कार्ययोजना)
• महिला स्वरोजगार एवं लखपति दीदी योजना
• कीवी नीति (70% अनुदान)
• ड्रैगन फ्रूट प्रोत्साहन योजना
• महक क्रांति 2026-36
लखपति दीदी योजना
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


ATTRACTIVE
EXCHANGE OFFERS
NO COST EMI
UPTO 25%
ADD CASHBACK
UPTO 55%
OFF
HOME APPLIANCES
पर पाए ऐसे ऑफर्स,
खरीदे बिना रहा ना जाए
Festival Offer
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बीमा कंपनियों की मनमानी

यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है।निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है।अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कराने के लिए लोगों को आकर्षित करने के कारोबार को इजाजत देने वाले संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती। दूसरी ओर, ज्यादातर लोग अस्पष्ट और जटिल स्वरूप में दर्ज नियमों के मामले को कंपनी के भरोसे पर छोड़ देते हैं। बाद में कंपनियां लोगों के इसी भरोसे का फायदा उठा कर नियमों को आधार बनाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) के 2024 के आंकड़े के मुताबिक, एक ही वर्ष में करीब छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज हुए। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने चम्पावत में मंदिर के नवनिर्माण कार्य का वर्चुअल माध्यम से किया शिलान्यास

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से चम्पावत स्थित श्री वाराही धाम देवीधुरा में मंदिर के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ वाराही का यह प्राचीन धाम सदियों से श्रद्धा और शक्ति का केंद्र रहा है और इसका पुनरुद्धार हम सभी के लिए सौभाग्य का क्षण है। मुख्यमंत्री ने वाराही धाम में आयोजित होने वाले बग्वाल मेले को वीरता और सामूहिक आस्था का संगम बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इसे पहले ही राजकीय मेला घोषित किया है। मंदिर का यह नया स्वरूप न केवल भव्यता प्रदान करेगा, बल्कि आस्था के साथ क्षेत्र के विकास और समृद्धि का भी प्रतीक बनेगा।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरे देश में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण का कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए केदारखंड के साथ-साथ मानसखंड के पौराणिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। चम्पावत जिले में बालेश्वर मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर, माँ रणकोची और माँ पूर्णागिरी मंदिर का पुनर्विकास इसी कड़ी का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 179 करोड़ रुपये की लागत से शारदा कॉरिडोर और लगभग 430 करोड़ रुपये की लागत से गोल्ज्यू कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और खेल सुविधाओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहाघाट के छमनिया में 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक और 257 करोड़ रुपये की लागत से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में 15 करोड़ रुपये की लागत से भवन व छात्रावास का कार्य प्रगति पर है। सड़क संपर्क को मजबूती देने के लिए रीठा साहिब क्षेत्र में 24 करोड़ रुपये के सड़क सुधार कार्य पूर्ण हो चुके हैं और शहीद शिरोमणि चिल्कोटी मोटर मार्ग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से देवीधुरा में पुलिस चौकी का निर्माण कार्य भी संपन्न हो चुका है।मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन पर जोर देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में दिल्ली और देहरादून से भेजा गया एक-एक पैसा पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे पात्र व्यक्तियों तक डीबीटी के माध्यम से पहुँच रहा है। सरकार का मुख्य ध्येय समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, श्री वाराही शक्ति पीठ ट्रस्ट के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, निर्मल माहरा, श्याम नारायण पाण्डे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# भारतीय नववर्ष के अवसर पर गांधी हॉल में बिखरी सांस्कृतिक छटा

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक समिति 'सांस्कृतिक चेतना परिषद' द्वारा भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिप्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर 'नवारंभ 2083' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। गांधी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का सजीव और आकर्षक प्रस्तुतीकरण देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊधम सिंह नगर के जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला वीना चौहान और जिला न्यायाधीश की धर्मपत्नी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस समागम में परिषद की परामर्शदात्री डॉ. विनीता राठौर द्वारा मंगलकामनाओं के साथ सकारात्मक वातावरण का सृजन किया गया।इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि और कुलपति द्वारा परिषद की वार्षिक पत्रिका 'संस्कृति' के पांचवें संस्करण का विमोचन भी किया गया। जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने अपने संबोधन में ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति की पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए भारतीय नववर्ष के महत्व को साझा किया और विश्वविद्यालय द्वारा कृषि एवं शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम 'पंचसूत्र' रही, जो भारतीय संस्कृति में पांच अंक के विशेष महत्व को दर्शाती है। कविताओं और नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की गहराई और व्यापकता को सहजता से व्यक्त किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आनंद सिंह जीना के मार्गदर्शन और सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. राजीव रंजन के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. विनीता राठौर के निर्देशन में पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित रहा। इस मौके पर संचार निदेशक डॉ. जेपी जायसवाल, निदेशक उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी डॉ. संजय शर्मा, निदेशक सेवायोजन परामर्श निदेशालय डॉ. एमएस नेगी और विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. अल्का गोयल, डॉ. एसएस गुप्ता सहित विभिन्न समितियों के स्टाफ काउंसलर, छात्रावास अभिरक्षक, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। समग्र रूप से यह आयोजन भारतीय परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा।





# सर्वे ऑफ इंडिया का मुख्यालय देहरादून से नहीं होगा स्थानांतरित

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजधानी में स्थित ऐतिहासिक संस्थान सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को लेकर चल रही संशय की स्थिति अब साफ हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस संस्थान के मुख्यालय को देहरादून से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की गई थी और इस संबंध में केंद्र सरकार से विशेष अनुरोध किया गया था। मुख्यमंत्री के इस हस्तक्षेप के बाद केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यालय को कहीं और भेजने के विषय पर अभी तक कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।इस महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को देहरादून से अन्यत्र स्थानांतरित करने संबंधी किसी भी प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए इस संवेदनशील विषय और सर्वे ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सामरिक महत्व के प्रति दिखाई गई सक्रियता की सराहना भी की है। केंद्र के इस निर्णय से संस्थान के अस्तित्व और शहर की ऐतिहासिक पहचान को लेकर बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है।

# तू देंदी जा माये, अस्सी मंगदे रहणा ऐं, भजनों में डूबा दरबार, श्रद्धालु झूमे

## नवरात्र के दूसरे दिन माता की चौकी में उमड़ा आस्था का सैलाब

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वाधान में वसुंधरा कॉलोनी फेस-2 स्थित समाजसेवी जगदीश बठला के आवास पर भव्य माता की चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्वलन के साथ बठला परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विनीत अरोड़ा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन व कालका मां मुझे तेरी जरूरत है, सुमित वार्ष्णेय ने तू देंदी जा माये, अस्सी मंगदे रहणा ऐ और तेरे रंगा विच मैं रंग जावां जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंशिका मनोचा ने काली मेरी मां पटियाले विच रहंदी आ, गुड्डू लहरी ने मेरा सांवरिया आएगा तथा सौरभ वार्ष्णेय ने ओ जंगल के राजा मेरी मईया को ले के आजा और आ जाओ घाटे वाले, पावन सजा है द्वारा प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं रमेश राठौर ने मेरी मईया जी ने दे दी खुशियां भजन से दरबार में भक्तिरस भर दिया।दरबार के दौरान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट होने पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।इस अवसर पर बठला परिवार के जगदीश बठला, राघव बठला, संगीता बठला, सिमरन बठला, मन्नत बठला सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुखविंदर, राहुल बांगा, साहिल अरोड़ा, संजय ठुकराल, अजय चड्ढा, अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, सचिन खुराना, करुण गुप्ता, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, चिराग कालरा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय,मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, वृंदा चुघ, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित काफी संख्या में भक्त और भक्तानिया मौजूद थी।







# बेमौसमी बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, लाही और गेहूं की फसल तबाह

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही बेमौसमी वर्षा और तेज हवाओं ने अन्नदाता की कमर तोड़ दी है। खेतों में तैयार खड़ी और काटकर रखी गई लाही की फसल बर्बादी की कगार पर पहुँच गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में कटी हुई फसल पूरी तरह भीग गई है, जिससे किसान चाहकर भी मढ़ाई का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने गेहूं की फसल को भी बड़े पैमाने पर खेतों में बिछा दिया है। प्रभावित किसानों का कहना है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो गेहूं की पैदावार और उसकी गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ



देखी जा सकती हैं। कई काश्तकारों ने बैंक और साहूकारों से कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन ऐन वक्त पर कुदरत के कहर ने उनके सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। एक पीड़ित किसान ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि साल भर की मेहनत और उम्मीदें इस बारिश ने छीन ली हैं, अब समझ नहीं आ रहा कि परिवार का भरण-पोषण और कर्ज की अदायगी कैसे होगी। किसानों का कहना है कि कटी हुई लाही की फसल खेतों में ही सड़ने लगी है, जिससे न केवल उत्पादन घटेगा बल्कि बाजार में उचित दाम मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। बेमौसमी बारिश से हुए इस व्यापक नुकसान को देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द फसल क्षति का सर्वे कराने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि उन्हें इस विकट संकट से कुछ राहत मिल सके।

# मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआएं

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर सहित पूरे क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह, अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। पवित्र रमजान माह के संपन्न होने के बाद शनिवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशी साफ झलक रही थी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश की तरक्की व खुशहाली के लिए सामूहिक दुआएं मांगीं।ईद का यह त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश लेकर आया, जहां लोगों ने पुराने गिले-शिकवे भूलकर नई शुरुआत की। इस मौके पर



शहर के बाजारों में भी खासा उल्लास देखने को मिला। लोग पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे एक-दूसरे के घर जाकर ईद की खुशियां बांटते नजर आए। घरों में विशेष रूप से सेवइयां और विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए, जिनका आनंद परिजनों और मित्रों के साथ लिया गया। शहर काजी गुलाम मुस्तफा नईमी ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें इंसानियत और एक-दूसरे के प्रति सम्मान का संदेश देता है।पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच रामनगर में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

# दिनेशपुर में 51 पीठ काली पूजा का भव्य आयोजन

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 5 स्थित सार्वजनिक अशोक गुसाई के काली मंदिर में 51 पीठ काली पूजा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार देर रात 12 बजे से शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठान शनिवार प्रात: काल करीब 5 बजे तक पूरी निष्ठा के साथ चला। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय भजनों और जयकारों से सराबोर नजर आया।पूजा कार्यक्रम का सफल संचालन पुरोहित बनमाली चक्रवर्ती द्वारा किया गया, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की विशेष आराधना संपन्न कराई। इसके उपरांत शनिवार प्रात: हवन कुंड में पूर्णाहूति दी गई,



जिसमें वार्ड वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की मंगलकामना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। रात भर चले इस अनुष्ठान में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस धार्मिक अवसर पर माया बनर्जी, शिखा ढाली, राधा विश्वास, अमित बनर्जी, सुमित बनर्जी, दीपाली बैरागी, प्रभा राय, अभय बनर्जी, सुनीता मिस्त्री, कनक लता गाईन, शांतना मजूमदार, स्वर्णालता गाईन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी काली पूजा का आयोजन पूरे विधि-विधान के साथ किया गया है। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# किच्छा में 1.07 करोड़ की लागत से बनेंगी दो मुख्य सड़कें

किच्छा (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र किच्छा के विकास को गति देते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों से राज्य योजना के तहत दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए 1.07 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सड़कों के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक मंजूरी भी जारी कर दी गई है, जिससे लंबे समय से खराब सड़कों की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने वाली है।योजना के विवरण के अनुसार, ग्राम रामेश्वरपुर में आंतरिक सड़कों का निर्माण सीमेंट कंक्रीट और ब्लॉक पेवमेंट द्वारा एच2एच मार्क के तहत किया जाएगा। 658 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 45.29 लाख



रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही ग्राम दुपहरिया से श्मशान घाट तक जाने वाले 900 मीटर लंबे लिंक मार्ग का निर्माण 62.05 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और स्थानीय निवासियों को स्थायी सड़क सुविधा प्राप्त होगी।विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ सड़कें उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मजबूत सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों के लिए आधारशिला का कार्य करती हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक
ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान
के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# समय से काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैक लिस्ट: टम्टा

रूद्रपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने जिला सभागार में सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि आम जनता को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जो ठेकेदार समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए और उनसे पेनल्टी वसूली जाए।केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने रूद्रपुर बाईपास का स्थलीय निरीक्षण भी किया, जहां एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने जानकारी दी कि



बाईपास का 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि बाईपास के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय सांसद, विधायक और मेयर सहित सभी जन प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि फोरलेन सड़कों की डीपीआर बनाते समय भविष्य की आवश्यकताओं और जनता की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि बाद में किसी तकनीकी कठिनाई का सामना न करना पड़े। सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, ऐसे में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त चालान की कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि काशीपुर रामनगर फोरलेन के लिए जिन लोगों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें कैंप लगाकर तत्काल मुआवजा वितरित किया जाए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**धाकड़ धामी नहीं अब ये ...**उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि चार वर्ष के कार्यकाल में धामी ने 'चौका' मारा है और छह वर्ष पूरे होने पर वे 'छक्का' मारने में भी कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि धामी सरकार ने जनता के दिलों में अपनी जगह बनाई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया संकट और युद्ध के दौर से गुजर रही है, जिसका समाधान केवल बातचीत और कूटनीति से ही संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। आज जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी बात रखता है, तो पूरी दुनिया उसे कान खोलकर सुनती है, जो हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम राजनीति सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं करते बल्कि देश बनाने के लिए और समाज बनाने के लिए राजनीति करते हैं। दूसरी राजनैतिक पार्टियों और हमारी पार्टी में सबसे बड़ा यही अंतर है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देवभूमि को सुरक्षित रखना और इसकी पवित्रता को बनाये रखना आवश्यक है। धामी के नेतृत्व में यह स्पष्ट हो चुका है कि अवैध घुसपैठ करने वालों के लिए उत्तराखण्ड में कोई जगह नहीं है। राजनाथ सिंह ने राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि पिछले वर्ष ही उत्तराखंड ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे किए हैं और अब 26वें वर्ष में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों से यहाँ भाजपा की सरकार है, जो राज्य के राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने बताया कि मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड आज अध्यात्म और आधुनिकता के सुंदर संगम के साथ विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड न केवल देवभूमि है, बल्कि वीरभूमि भी है। यहाँ के सैनिकों के सम्मान में सैन्य धाम का निर्माण किया गया है। उन्होंने विकास की गति को रेखांकित करते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। चारधाम ऑलवेदर रोड से तीर्थाटन और पर्यटन को नई मजबूती मिली है। इसके साथ ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि धामी के नेतृत्व में प्रदेश की नारी शक्ति हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत का आत्मसम्मान और गौरव निरंतर बढ़ा है। प्रदेश सरकार आज शविकल्प रहित संकल्पश के सिद्धांत पर काम कर रही है और ऐतिहासिक फैसलों से राज्य को नई वैश्विक पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का भी विवरण प्रस्तुत किया। जनसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मदन कौशिक, रेखा आर्य, राम सिंह कैड़ा और खजान दास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्या, शिव अरोड़ा, मोहन बिष्ट, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, महापौर गजराज बिष्ट, मेयर विकास शर्मा, प्रताप बिष्ट और दीपा दर्मवाल,सुरेश भट्ट, साकेत अग्रवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, दिनेश आर्य, जोगेंद्र सिंह रौतेला, रेनू अधिकारी, कार्तिक हरबोला, नवीन वर्मा, नवीन दुमका, मोहन पाल, विकास भगत सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही। वहीं रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर कुमाउ कमिश्नर दीपक रावत, डीजीपी दीपम सेठ, आईजी नीलेश आनंद भरणे, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सहित तमाम आला अधिकारी अलर्ट मोड में मौजूद रहे।

**कार खाई में गिरने...**बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को खाई से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के पीतांबर नगर, उन्नाव निवासी अंकित चौधरी अपने तीन मित्रों अभिराज,अतुल दुबे और श्याम के साथ अपनी कार संख्या-यूपी 78 एचजे 4936 से शनिवार को जागेश्वर धाम घूमने जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन हल्द्वानी से ऊपर गेठिया क्षेत्र में पहुंचा, अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।वाहन के खाई में गिरने की तेज आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर दौड़े और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही तल्लीताल थाना एसआई सतीश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान दमकल विभाग और एसडीआरएफ की टीम ने भी मोर्चा संभालते हुए दुर्गम खाई में रेस्क्यू अभियान चलाया। क्षतिग्रस्त वाहन के नीचे दबे पर्यटकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक अंकित चौधरी और अभिराज दम तोड़ चुके थे। हादसे में अतुल दुबे और श्याम गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने सड़क तक पहुँचाने के बाद तत्काल उपचार के लिए हल्द्वानी भेजा। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है और मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**खाई में गिरी कार...**बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल घटनास्थल पर जमा हो गए। कार के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने और शव के मलबे में फंसे होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से शव को स्ट्रेचर में बांधकर रस्सियों के सहारे खाई से बाहर निकाला। रात करीब 12 बजे शव को मुख्य सड़क तक लाया गया, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली पहुंचाया गया। मृतक के परिजनों ने थराली अस्पताल में ही पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया है। पूर्व सैनिक दर्शन सिंह अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और दो बेटों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

**इंस्टाग्राम रील ...**पिस्टल के साथ शौकवश वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड की थी। वहीं, प्रॉपर्टी डीलर सोना कुमार ने बताया कि उसने अपनी मौसी लगने वाली रिया को फोटो खींचने के लिए अपनी पिस्टल दी थी। पुलिस ने मौके से सोना कुमार के कब्जे से एक ऑटोमैटिक पिस्टल (डैक.45 बोर), उसका लाइसेंस और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए।पुलिस ने बताया कि यह कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 30 का उल्लंघन है। बरामद पिस्टल मेड इन इंडिया शगार्जियन 1911श मॉडल की है। पुलिस ने बरामद असलहे और कारतूसों को सील कर कब्जे में ले लिया है। चूंकि यह अपराध सात वर्ष से कम की सजा की श्रेणी में आता है, इसलिए पुलिस ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों रिया मंडल और सोना कुमार को धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस तामील कराते हुए जांच में सहयोग के आश्वासन पर रिहा कर दिया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**रूद्रपुर में काली पट्टी....**दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर रैपिड एक्शन फोर्स और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा की कमान एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी और सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने संभाली। उनके साथ सीओ सितारगंज भूपेंद्र सिंह, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई केसी आर्या और एसएसआई अनिल जोशी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौके पर डटे रहे। विरोध के बावजूद नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




















# अमन और सौहार्द की दुआ के साथ अदा हुई ईद की नमाज

गदरपुर/ सितारगंज। ईदगाह में ईद-उल-फितर के मौके पर सोमवार सुबह बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर अमन और भाईचारे के साथ नमाज अदा की। नमाज का समय सुबह साढ़े आठ बजे निर्धारित किया गया था, जिसमें कारी जाने आलम ने नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी सौहार्द के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। ईदगाह परिसर में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने नए कपड़े पहनकर ईद की नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे माहौल में खुशियों की झलक दिखाई दी।सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। ईदगाह के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन द्वारा ट्रैफिक और भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे।इस अवसर पर मोहम्मद आलम ने कहा कि ईद हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देती है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। वहीं मोहम्मद शादाब ने कहा कि यह त्योहार सभी गिले-शिकवे भूलकर एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सावेद अंसारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ईद का असली मकसद जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में खुशियां बांटना है। शाहेरूम उर्फ टोनी पठान ने भी सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमें हमेशा समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे भी पहुंचे और लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है, जिसे हमें मिलकर मजबूत बनाना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों को बधाई दी और कहा कि ऐसे त्योहार समाज को जोड़ने का काम करते हैं और हमें एकजुट रहने की प्रेरणा देते हैं। कुल मिलाकर गदरपुर में ईद का त्योहार शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मोबीन, राशिद,फारुख,फरमान, तौफीक,इरफान , अखलाक, अजीम, शाहनवाज, नाजिम, बिलाल, रिजवान, बिलाल, फरहान, आरिफ गाजी,मो हारिश बाबा, जुल्फिकार अली सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। **सितारगंज।** ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में अकीदत के साथ अदा की गई। इस दौरान समाज और मुल्क में आपसी शांति सौहार्द और देश की तरक्की की दुआएं की गई। शनिवार को ईद उल फितर की नमाज नकुलिया चौराहा स्थित ईदगाह, विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे थे। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखा। कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में ईदगाह, विभिन्न मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान, विभिन्न दरगाह में पहुंचे यहां उन्होंने दुआएं की। तोहर के मौके पर मुस्लिम समाज के घरों में मीठे व्यंजन सिवई, खजला आदि पकवान बनाएं गए थे। ईद के मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि रस्तोगी, नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सरफराज राजू ने समाज के लोगों को ईद उल फितर की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बबलू हसन, रईस अंसारी, सभासद रेहान अंसारी आदि मौजूद रहे।





# पांच विधायकों को मंत्री बनाये जाने पर किया मिष्ठान वितरण

रुद्रपुर । भाजपा सरकार में नए मंत्री मंडल में पांच विधायकों मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा ,राम सिंह केड़ा, खजान दास और भरत सिंह चौधरी को शामिल किए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में शनि देव मंदिर खेडा में मिष्ठान वितरण कर बधाइयां दी। चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से हर वर्ग के विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया है वह स्वागत योग्य है। ब्राह्मण समाज सरकार के फैसले का स्वागत करता है। चुघ ने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल मदन कौशिक जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और हर कार्यकर्ता को भली-भांति जानते और पहचानते हैं । उन्होंने कहा की श्री कौशिक पूर्व में भी कैबिनेट मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं ऐसे में उनके अनुभव का लाभ आम कार्यकर्ता को मिलेगा और भाजपा तथा संगठन और मजबूत होगा तथा आने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एक नया परचम लहराया जाएगा।चुघ ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने पर विकास के नए रास्ते खुलेंगे और कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ेगा। मुकेश वशिष्ठ और नितिन कोशिक ने कहा कि जिस प्रकार से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मदन कौशिक को मंत्रिमंडल में शामिल किया है उससे ब्राह्मण समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव भाजपा के साथ खड़ा हुआ था और आगे भी भाजपा के साथ खड़ा रहेगा। इस दौरान विश्वनाथ शर्मा,संजीव शर्मा ,देव मेनन, देवेंद्र चतुर्वेदी ,संदीप मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा, सुनील शर्मा, विनय दीक्षित, आशुतोष शर्मा, नवीन नैनवाल, टीवी भट्ट, अमित शर्मा, कमल सक्सेना, शिवपाल ढाली, अमित गौड आदि मौजूद थे।



# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान लोहियाहेड स्थित हेलीपैड पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय जनता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और उनके प्रभावी निराकरण के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें



और प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी कठिनाइयों को समझें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका खटीमा अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, काशीपुर मेयर दीपक बाली, उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, भवानी भण्डारी और रंदीप पोखरिया सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान और लोनिवि के अधिशासी अभियंता एनके अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# विवि कुलपति की मनमानी पर हाईकोर्ट सख्त, आरोप पत्र वापस लेने का आदेश

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति को किसी प्रोफेसर के विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त नहीं है।मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने प्रोफेसर शिवेंद्र कश्यप की याचिका पर सुनवाई करते हुए विश्वविद्यालय को विवादित आरोप पत्र तत्काल वापस लेने के निर्देश दिए।कृषि संचार विभाग में कार्यरत प्रोफेसर कश्यप, जो डीएसटी-टीईसी (प्रौद्योगिकी सक्षम केंद्र) के समन्वयक भी हैं, ने 5 फरवरी 2026 को जारी आरोप पत्र और उससे जुड़ी विभागीय कार्रवाई को चुनौती देते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता विपुल शर्मा ने दलील दी कि उत्तराखंड सरकारी सेवक (अनुशासन और अपील) नियम 2003 के तहत नियुक्ति प्राधिकारी ही अनुशासनात्मक प्राधिकारी होता है, इसलिए आरोप पत्र उसी के द्वारा जारी और हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान मामले में आरोप पत्र कुलपति के स्थान पर मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जो विधिक प्रावधानों के विपरीत है। साथ ही, प्रोफेसर की नियुक्ति विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड द्वारा की जाती है, न कि कुलपति द्वारा, इसलिए कुलपति को इस प्रकार की कार्रवाई का अधिकार नहीं है।न्यायालय ने मामले का निपटारा करते हुए संबंधित आरोप पत्र को निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में नया आरोप पत्र जारी किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को विधि अनुसार उसे चुनौती देने की पूरी स्वतंत्रता होगी।